## सार-समाचार

### कर्मचारी महासंघ ने बजट प्रति जलाई

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। राजस्थान सरकार द्वारा पेश किए गए बजट का विरोध हुआ। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के बैनर तले गुरुवार को कर्मचारियों ने गांधी दर्शन के सामने बजट की प्रतियां जलाकर अपना गुस्सा जाहिर किया। कर्मचारी नेताओं ने सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि प्रशासन धरातल से कट चुका है और केवल कागजी आंकड़ों और ब्रांडिंग के दम पर राज करने की कोशिश कर रहा है। महासंघ के जिला महामंत्री प्रकाश बिश्नोई खारा ने सरकार की कार्यशैली पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि सरकार सिर्फ टेंट, इवेंट, टारगेट और रैंकिंग के झूठे आंकड़ों में गुमराह है। मंत्री और अधिकारी एसी कमरों में बैठकर वीसी के जरिए राज चला रहे हैं, जबकि हकीकत में जमीनी स्तर पर कर्मचारी त्रस्त हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अपना अड़ियल रवैया नहीं बदला, तो आने वाले समय में आंदोलन और उग्र होगा। विरोध प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए कहा कि जैसलमेर जैसे सीमांत जिले में बजट की प्रतियां जलना इस बात का प्रमाण है कि सरकार संवादहीन हो चुकी है। जब सरकार अपने ही कर्मचारी संगठनों की बात नहीं सुन रही, तो आम जनता की समस्याओं का समाधान केवल कल्पना मात्र है। इस विरोध प्रदर्शन ने साफ कर दिया है कि 8 लाख 50 हजार नियमित कर्मचारियों और लाखों मानदेय कर्मियों की नाराजगी सरकार के लिए आने वाले समय में बड़ी चुनौती बन सकती है। कृषि पर्यवेक्षक अमनदीप और जिला अध्यक्ष भंवरलाल गर्ग के नेतृत्व में कर्मचारियों ने बजट की कमियों को बताते हुए कहा कि केंद्र के2027 वाले फॉर्मूले का समर्थन कर केवल कमेटी बनाने के नाम पर छलावा किया गया है।

### पशुपालक परिवार को मिला संबल

**बालोतरा**, (नि.सं.)। निकटवर्ती गांव थान माता हिंगलाज, ग्राम पंचायत गुडा निवासी ममता रमेश कुमार का परिवार पशुपालन एवं कृषि पर आधारित है। परिवार की आजीविका मुख्य रूप से ऊंट पालन पर निर्भर रही है। पिछले वर्ष मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना की जानकारी पशु चिकित्सक, सिवाना द्वारा उन्हें दी गई। योजना के महत्व को समझते हुए उन्होंने अपने ऊंट का बीमा करवाया। कुछ समय बाद अचानक बीमारी के कारण ऊंट की मृत्यु हो गई, जिससे परिवार पर आर्थिक संकट गहराने लगा। ऐसी स्थिति में उन्होंने पशु चिकित्सालय सिवाना से संपर्क किया। आवश्यक दस्तावेज एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रक्रिया पूरी करने के बाद राजस्थान सरकार द्वारा मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के अंतर्गत 40,000 रुपये की बीमा राशि सीधे उनके बैंक खाते में स्थानांतरित की गई। प्राप्त बीमा राशि से परिवार ने नया ऊंट खरीद लिया, जिससे उनकी आजीविका पुनः पटरी पर लौट आई। लाभार्थी ममता रमेश कुमार ने कहा कि राज्य सरकार की इस सहायता से उनके परिवार को बडा आर्थिक संबल मिला है और संकट की घडी में सहारा मिला। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में राज्य सरकार पशुपालकों, किसानों और ग्रामीण परिवारों के हित में संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा जैसी योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रही हैं और आत्मनिर्भर राजस्थान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही हैं। उन्होंने अन्य पशुपालक भाइयों-बहनों से अपील की कि वे भी राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अवश्य लें, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में आर्थिक सुरक्षा मिल सके।

### जनगणना-2027 के लिए प्रशिक्षण शुरू

**बालोतरा**,(नि.सं.)। जनगणना-2027 की तैयारियों के तहत जिला स्तर पर नियमित सहायकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 12 से 14 फरवरी तक पंचायत समिति सभागार, पंचायत समिति बालोतरा में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य स्तरीय प्रशिक्षक हरि सिंह बिजारणियां एवं दिव्यांश चावला के स्वागत एवं अभिनंदन के साथ किया गया। इस अवसर पर उप निदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, दीपाराम ने जनगणना-2027 के कार्य को निर्धारित समय सीमा में संपादित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए प्रशिक्षण के कार्य-योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल मोड में आयोजित की जाएगी, जो पारदर्शिता एवं त्वरित डाटा संकलन की दिश में महत्वपूर्ण कदम है। प्रशिक्षण के दौरान नियमित सहायकों को सीएमएमएस (ष्टरूरूस्) पोर्टल, स्वगणना ऐप तथा जनगणना-2027 के अंतर्गत आमजन से पूछे जाने वाले प्रश्नों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही डिजिटल उपकरणों के माध्यम से डाटा संकलन, अपलोडिंग एवं सत्यापन की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य नियमित सहायकों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाना है, ताकि वे अपने-अपने चार्ज क्षेत्रों में जनगणना-2027 के कार्यों को प्रभावी, सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण कर सकें। कार्यक्रम में संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सहायक उपकरणों का वितरण 16 से

**बालोतरा**, (नि.सं.)। राज्य सरकार के आदेशानुसार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर के सहयोग से 16 से 18 फरवरी तक तीन दिवसीय दिव्यांग शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर पार्श्व भवन रेलवे स्टेशन के सामने, बालोतरा में आयोजित होगा। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि शिविर के दौरान दिव्यांगजन एवं विशेष योग्यजन को विभिन्न सहायक उपकरण पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे। इनमें ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, वैशाखी, श्रवण यंत्र (कान की मशीन), कैलीपर, कृत्रिम पैर, कृत्रिम हाथ, छडी, क्लोईड स्टिक, वॉकर सहित बुजुर्गों एवं जरूरतमंदों के लिए अन्य सहायक उपकरण शामिल हैं। उन्होंने बताया कि शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजन को आत्मनिर्भर बनाना एवं उनके जीवन को सुगम बनाना है। शिविर में विशेषज्ञों की टीम द्वारा लाभार्थियों का पंजीयन, परीक्षण एवं आवश्यकता अनुसार उपकरणों का वितरण किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने पात्र दिव्यांगजन एवं बुजुर्गों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथियों में शिविर स्थल पर उपस्थित होकर इस योजना का लाभ उठाएं।

### क्विज विजेताओं को पुरस्कार दिए

**जालोर**, (कासं)। मिनिस्ट्री ऑफ़ आईटी एवं राज्य के मुख्य सचिव के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं एनआईसी जालोर द्वारा सुरक्षित इन्टरनेट सप्ताह के तहत विभिन्न संस्थानों में कार्यशाला, शपथ, क्विज इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी क्रम में सुरक्षित इन्टरनेट दिवस के जिला स्तरीय कार्यकम की क्विज प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी प्रवीण कुमार, रमेश कुमार, मनोज, आनन्द बी शिर्वा, रमेश नाथ व सरोज को अतिरिक्त जिला कलक्टर जालोर राजेश मेवाड़ा ने पारितोषिक वितरण कर सम्मानित किया तथा एनआईसी टीम द्वारा किये जा रहे सुरक्षित इन्टरनेट सम्बंधित कार्यक्रमों की सराहना की। इस अवसर पर जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी डीआईओ लादेश शर्मा एवं जयेश सुन्देशा उपस्थित रहे।

### भाजपा प्रदेश प्रवक्ता का स्वागत

**जालोर**, (नि.सं.)। राजस्थान भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता जोगेंद्रसिंह सिलोर के जालोर पहुंचने पर जिला महामंत्री गजेंद्र सिंह सिसोदिया,नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता जोगेंद्रसिंह सिलोर ने सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजनता तक पहुंचाने का आव्हान किया आगामी निकाय ओर पंचायत चुनाव की तैयारी के लगने को कहा। इस मौके पर भाजपा जिला प्रवक्ता दिनेश महावर, जिला मन की बात संयोजक सुरेश सोलंकी,भाजपा सोशल मीडिया संभाग सहसंयोजक चंद्रकांत सुन्देशा,परमवीर सिंह भाटी,दशरथसिंह भाटी,नगर उपाध्यक्ष अचलसिह आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय जनसुनवाई अब 26 को

**पाली**, (नि.सं.)। पाली जिले में 19 एवं 20 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाली जनगणना-2027 की प्रशिक्षण कार्यशाला के कारण 19 फरवरी 2026 (तृतीय गुरुवार) को प्रस्तावित जिला स्तरीय जनसुनवाई स्थगित कर दी गई है। अब यह जनसुनवाई 26 फरवरी 2026 (चतुर्थ गुरुवार) को प्रातः 11रू00 बजे भा.नि.रा. गांधी सेवा केन्द्र, डीओआईटीसी, कलेक्ट्रेट परिसर, पाली में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आयोजित की जाएगी।

### महादेव की बारात निकलेगी

**जोधपुर**, (कासं) । भगवान महादेव की शादी जोधपुर में 15 फरवरी को धूमधाम से कार्रवाई जाएगी। कार्यक्रम को लेकर शिव बारात महोत्सव समिति सरदारपुरा प्रखंड की ओर से तैयारियां की जा रही है। विवाह महोत्सव समिति अध्यक्ष सरोज मासी ने बताया कि कार्यक्रम में सभी शहरवासी आमंत्रित है। सभी बढ़-चढकर हिस्सा लें।

# पाली में के.के. गुप्ता ने स्वच्छता बढ़ाने पर जोर दिया

**पाली**, (नि.सं.)। स्वच्छ भारत मिशन राजस्थान सरकार के ब्रांड एंबेसडर के. के. गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को कलैक्ट्रेट सभागार में स्वच्छता संबंधी बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने चर्चा कर जानकारी ली और इस बारे में आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के स्वच्छता मिशन को धरातल पर उतारना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। विकसित राज्य और विकसित जिले के निर्माण के लिए स्वच्छता को जन आंदोलन बनाना आवश्यक है। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन की महत्ता देश-विदेश में स्थापित हो चुकी है और स्वच्छता केवल गंदगी से मुक्ति ही नहीं दिलाती, बल्कि अनेक बीमारियों से भी बचाती है। किसी भी शहर के प्रति पर्यटकों का पहला दृष्टिकोण उसकी स्वच्छता से ही बनता है।

उन्होंने बताया कि शीघ्र ही स्वच्छता सर्वेक्षण का निरीक्षण प्रस्तावित है। इसके मद्देनजर सभी निकाय अधिकारी एवं कर्मचारी संकल्प लें कि स्वच्छता से जुड़े कार्य पूर्ण जिम्मेदारी, समर्पण और समयबद्धता से पूरे किए जाएंगे कार्यों में मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति का पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने डूंगरपुर जिले के स्वच्छता सर्वेक्षण में अग्रणी रहने का उदाहरण देते हुए बताया कि टीम वर्क, जनजागरूकता, गीले-सूखे कचरे का पृथक निस्तारण, नियमित डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और सतत मॉनिटरिंग से




**स्वच्छ भारत मिशन राजस्थान सरकार के ब्रांड एंबेसडर के. के. गुप्ता की अध्यक्षता में पाली के कलैक्ट्रेट सभागार में स्वच्छता संबंधी बैठक आयोजित हुई।** फोटो-राष्ट्रदूत

बेहतर परिणाम प्राप्त हुए।

बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रमुख बिंदुओं पर जोर दिया गया, जिनमें 365 दिन नियमित डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, गीले-सूखे कचरे की अलग व्यवस्था, नाइट स्वीपिंग, सार्वजनिक शौचालयों का बेहतर रखरखाव, सड़कों व नालियों की नियमित सफाई, रोड लाइट व्यवस्था, बाग-बगीचों की साफ-सफाई, तालाब-झीलों का जीर्णोद्धार, अतिक्रमण हटाना, जियो-टैग आधारित मॉनिटरिंग, जागरूकता होर्डिंग तथा शिकायत निवारण टोल सेवा शामिल हैं।

उन्होंने डूंगरपुर जिले को स्वच्छता सर्वेक्षण में अग्रणी बनाने में सहयोग देने वाले निकाय अधिकारियों नरपत सिंह, लोकेश एवं विकास का आभार व्यक्त किया। अतिरिक्त जिला कलैक्टर सीलिंग ओम प्रभा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी विशाल सीपा, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज, यूआईटी के विकास लेघा समेत ईओ, एईएन, इंजीनियर आदि मौजूद रहे।

# चौकेलाव गार्डन में पुस्तक का विमोचन आज

**जोधपुर**, (का.सं.)। पूर्व महाराजा गज सिंह जी (द्वितीय) के जीवन, कार्य शैली, विरासत संरक्षण, कला, संस्कृति व पर्यटन को बढ़ावा देने पर आधारित लिखित पुस्तक "बापजी: महाराजा ऑफ जोधपुर मारवाड़: दी किंग हू वुड बी मैन" का शुक्रवार 13 फरवरी को मेहरानगढ़ दुर्ग के चौकेलाव गार्डन में दोपहर 12.30 बजे विमोचन होगा। यह पुस्तक प्रसिद्ध लेखक अमन नाथ व योगी वैद्य द्वारा लिखी गई है और मैपिन पब्लिशिंग द्वारा प्रकाशित हुई है।

इस पुस्तक में महाराजा हनवन्त सिंह की 26 जनवरी, 1952 में हवाई दुर्घटना में देहान्त के बाद विकट व संकटमय परिस्थितियों में पूर्व महाराजा गज सिंह का 12 मई, 1952 को राजतिलक होने से लेकर उनके संघर्षों व राजशाही को जनसेवा में बदलने के सफर को दर्शाया गया है। पुस्तक के लेखक ने उनके बचपन से लेकर एक आधुनिक महाराजा के रूप में मारवाड़ की विरासत, कला, संस्कृति, इतिहास के संरक्षण व संवर्द्धन की यात्रा का वर्णन है। इस पुस्तक में गज सिंह के जीवन के सभी पहलुओं को कवर किया गया है। पुस्तक में उनकी दुर्लभ फोटो प्रकाशित की गई है।

यह पुस्तक केवल एक व्यक्ति की कहानी नहीं बल्कि एक परम्परा, जिम्मेदारी व समय के साथ बदलते भारत की यात्रा है।

# ग्रेनाइट एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्यों पर अगली सुनवाई तक रोक

**जालोर**,(नि.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट, जोधपुर में ग्रेनाइट एसोसिएशन जालोर के चुनाव को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति कुलदीप माथुर की एकलपीठ ने महत्वपूर्ण आदेश पारित किया है। हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई तक कार्यकारिणी सदस्यों पर रोक लगाई।

ग्रेनाइट उद्यमियों ने राजस्थान उच्च न्यायालय मे एस.बी. सिविल रिट याचिका पेश की। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि ग्रेनाइट एसोसिएशन जालोर के चुनाव आयोग के समन्वयक द्वारा बिना अधिकार एवं बिना सुनवाई का अवसर दिए ग्रेनाइट एसोसिएशन के 113 सदस्यों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। इसी कथित अवैध मतदाता सूची के आधार पर चुनाव संपन्न कराए गए। याचिका में यह भी कहा गया कि एसोसिएशन के उपविधियों के अनुसार अधिकतम पांच पदों पर ही चुनाव हो सकते थे, जबकि नौ पदों पर चुनाव कराए गए, जो नियमों का उल्लंघन है।

याचिकाकर्ता पक्ष के अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि वर्ष 1984 में पंजीकृत उपविधियों में अब तक कोई संशोधन नहीं हुआ है।

न्यायालय ने मामले को विचारणीय मानते हुए प्रतिवादियों को नोटिस जारी करने के आदेश दिए हैं। साथ ही स्थगन आवेदन पर भी नोटिस जारी किया गया है।

अंतरिम आदेश में न्यायालय ने अगली सुनवाई तक कार्यकारिणी सदस्यों को ग्रेनाइट एसोसिएशन जालोर के कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कार्य करने से रोक दिया है। वे न्यायालय की अनुमति के बिना किसी भी प्रकार से कार्य नहीं कर सकेंगे।

# धर्मनारायण माली को श्रद्धांजलि दी



**जालोर में भैंरूनाथजी के अखाडे के महंत गंगानाथ महाराज की उपस्थिति में नाथ जी के भक्त धर्मनारायण माली को लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (का.सं.)। भैंरूनाथजी के अखाड़े के महंत गंगानाथ महाराज की उपस्थिति में नाथ जी के भक्त स्वर्गीय धर्मनारायण माली को लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर गंगाप्रसादी के आयोजन के दौरान महंत गंगानाथ महाराज ने कहा कि व्यक्ति की पहचान कर्म से होती है। व्यक्ति को आध्यात्मिकता के साथ कर्म पर विशेष ध्यान देना चाहिए। बेहतर कर्म कर मानव हित में कार्य करने से ही जीवन सफल होता है। इस दौरान सोजत के महा मंडलेश्वर चेतन गिरी महाराज, ईश्वरनाथ महाराज, साईनाथ महाराज, गोपालनाथ, निर्भयनाथ, ब्रह्माकुमारी आश्रम से शिल्पा दीदी समेत कई संत महात्मा उपस्थित हुए। लोगों ने शोकाकुल परिवार के प्रकाशनारायण माली, नरेश गहलोत और तरुण गहलोत समेत सभी परिजनों को सांत्वना दी। इस दौरान गहलोत भाईपा समाज, चातुर्मास सेवा समिति जालोर समेत शहर के लोगों ने स्वर्गीय धर्मनारायण माली को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान भीनमाल, सायला, पोषाणा, उंदडी, तीखी, देता कला, उम्मेदाबाद, सांचौर, मोदरा, भीनमाल, आहोर, बिशनगढ़, सांथू, बागरा, आकोली समेत कई गांव से लोग पहुंचे।

## सॉर्टेड सीमन से पशुपालकों की तकदीर बदलेगी

बालोतरा, (नि.सं.)। ग्राम पंचायत स्तर पर पशुपालकों को आधुनिक पशुपालन तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से कार्यक्रम में सेक्स सॉर्टेड सीमन योजना की जानकारी दी जा रही है।

पशुपालन विभाग के उप निदेशक डॉ. मदन गिरी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित इस योजना का उद्देश्य दुग्ध उत्पादन को बढावा देना, नस्ल सुधार करना तथा पशुपालकों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करना है। सामान्य कृत्रिम गर्भाधान की तुलना में सेक्स सॉर्टेड सीमन तकनीक से मादा बछ? के जन्म की संभावना अधिक रहती है,जिससे भविष्य में दुग्ध उत्पादन क्षमता वाले पशुओं की संख्या बढती है। इस योजना के माध्यम से उन्नत नस्ल के पशुओं का संवर्धन किया जा रहा है, जिससे पशुधन की गुणवत्ता में सुधार होगा। ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता शिविर, प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं परामर्श सत्र आयोजित कर पशुपालकों को वैज्ञानिक पशुपालन के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। इच्छुक पशुपालक अपने नजदीकी पशु चिकित्सा संस्थान या पशुपालन विभाग के कार्यालय में संपर्क कर योजना का लाभ ले सकते हैं।

पशुपालक दोलाराम ने बताया कि सेक्स सॉर्टेड सीमन के उपयोग से अधिकतर बछडी के जन्म की संभावना रहती है। पशुपालक के अनुसार इस तकनीक से केवल बछडी पैदा होगी।

# पशु मेला ग्राउंड व व्यवस्थाओं का निरीक्षण

**जालोर/सायला**, (कासं)। मां कात्यायनी देवी राज्य स्तरीय पशु मेला सायला का आयोजन आगामी 15 से 19 फरवरी तक किया जाएगा। मेले की तैयारियों को लेकर अंतिम चरण में कार्य जोरों पर चल रहा है।

गुरुवार को सायला का पूरा प्रशासनिक अमला पशु मेला ग्राउंड पहुंचा और व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम सूरजभान बिश्नोई, तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी, ईओ सुशील राजपुरोहित, सब इंस्पेक्टर महिपालसिंह तथा डॉ. संजय माली ने मेले की तैयारियों का जायजा लिया। मेला संरक्षक एवं पूर्व सरपंच सुरेश राजपुरोहित ने मेले की संपूर्ण व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए बताया कि साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, पशुओं के ठहराव, सुरक्षा प्रबंध एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित तैयारी की जा रही है, ताकि मेला सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगलसिंह सायला, उपाध्यक्ष बलवंताजी आसाणा, महासचिव एवं पूर्व प्रधान हडमतसिंह सोढा, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह ओटवाला, पशुधन प्रसारक रवीन्द्र सिंह, भूपेन्द्र सिंह सायला, बाबूलाल राजपुरोहित, मिठूदास सायला, पोडव सिंह चोराऊ ओटवाला, मांधुसिंह जी सायला सहित मेला समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। प्रशासन एवं मेला समिति द्वारा आपसी समन्वय के साथ तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

वही राज्य के पशुपालन एवं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत 15 फरवरी को जालोर जिले के दौरे पर रहेंगे। प्राप्त कार्यक्रमानुसार राज्य के पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत 15 फरवरी को प्रातः 9.30 बजे से सुमेरपुर से रवाना होकर प्रातः 10.30 बजे सायला पहुंचेंगे जहाँ वे जिला पशु मेले के शुभारंभ कार्यक्रम में भाग लेंगे तत्पश्चात् वे साण्डेराव प्रस्थान करेंगे।

# भुवनेश्वर चौहान ने बाल विवाह मुक्ति वाहिनी रवाना की

**बालोतरा**, (नि.सं.)। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बाल विवाह रोकने एवं आमजन में व्यापक जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से गुरुवार को जिला मुख्यालय से बाल विवाह मुक्ति वाहिनी को अतिरिक्त जिला कलैक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलैक्टर चौहान ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है, जो बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य एवं समग्र विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। इसे समाप्त करने के लिए प्रशासन, विभागों एवं समाज के सभी वर्गों को मिलकर कार्य करना होगा।

उन्होंने कहा कि जन जागरूकता ही इस कुप्रथा के उन्मूलन का सबसे प्रभावी माध्यम है और यह अभियान उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी महेन्द्र सिंह ने बताया कि यह सौ दिवसीय जन जागरूकता अभियान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा सृष्टि संगठन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित किया जा रहा है।

अभियान के दौरान बाल विवाह मुक्ति वाहिनी बालोतरा जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर पहुंचकर बाल विवाह निषेध कानून की जानकारी देगी तथा बाल विवाह के दुष्परिणामों के संबंध में आमजन को जागरूक करेगी।

उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत जनसंवाद, शपथ कार्यक्रम, पोस्टर वितरण, विद्यालयों में विशेष सत्र तथा आंगनबाडी केंद्रों पर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

# टीकाकरण कार्यक्रम संपन्न




**जालोर के मुस्लिम मुसाफिर खाना में हज यात्रा पर जाने वालों का टीकाकरण किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। मारवाड हज वेलफेयर सोसायटी जोधपुर एवं मुस्लिम वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट जालौर के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को मुस्लिम मुसाफिरखाना जालोर में हज यात्रियों का टीकाकरण कार्यक्रम ट्रस्ट के उपाध्यक्ष मोहम्मद हुसैन कुरैशी की सदारत में आयोजित किया गया।

ट्रस्ट के सचिव हाजी खान मेहर ने बताया कि ट्रस्ट के अध्यक्ष शहजाद अली सैयद का इंतकाल होने पर उनके हक मे दुआए मगफिरत कर उनके द्धारा किये गये कार्यो को याद किया। वही जिले से कुल 44 हज यात्री मक्का मदीना की मुकदस हज यात्रा के लिए जा रहे है।उनके लिए मुस्लिम मुसाफिरखाना में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर टीकाकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ट्रस्ट की ओर से प्रशिक्षण देने आए मेहमानों का मेडिकल टीम एवं हज पर जाने वाले हज यात्रियों का ट्रस्ट की और से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मारवाड हज वेलफेयर सोसायटी जोधपुर के हाजी अब्दुल जब्बार,काजी इकरामुद्दीन, जाकिर हुसैन, अब्दुल कयूम लोधी ने हाजियो को हज यात्रा के दौरान पूरे किए जाने वाले अरकान के बारे में जानकारी दी और हज यात्रा के बारे में मुख्य मुख्य बातें बताई। वही जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एजाज अहमद ने टीकाकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। इस अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. जोयब, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान,नर्सिंग ऑफिसर मोहम्मद ताहिर, इंटर एएनएम फहरिन, डाटा ऑपरेटर शाहबाज खान ने हज यात्रियों का टीकाकरण कर उनके स्वास्थ्य की जांच की। वहीं राजस्थान स्टेट हज निरीक्षक मोहम्मद साबिर रहमानी ने सभी हज यात्रियों का टीकाकरण करवा कर उनको हज यात्रा की जानकारी दी। कार्यक्रम में 44 हज यात्रियों को पोलियो दवा एवं टीकाकरण किया गया। शिविर में सभी हज यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। ट्रस्ट के सचिव हाजी खान मेहर नेआभार व्यक्त किया एवं कार्यक्रम का संचालन किया।

इस अवसर पर मौलाना गुलाम अली, गुलाब खान,समाजसेवी आले अहमद, अब्दुल रऊफ, इलियास खान बागरा, नगीना बानो रंगरेज, हुसैन खान, आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय नगरपालिका सांचौर, (राज.)

(टेलिफोन नम्बर-02979-283280, 02979-283280, Fax.(283625) व ई-मेल आई.डी. eosanchore.lsg@rajasthan.gov.in & eosanchore2010@gmail.com)

क्रमांक : न.पा.सां./संवाद/2026/7123 दिनांक : 06.02.2026

-:: आपत्ति विज्ञप्ति ::-

प्रारूप-10

(नियम-6(7) देखिए)

नगर पालिका सांचौर, जिला-जालोर कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, जो निम्न वर्णित है :-

90-क के तहत आवेदन पत्र

| क्र. सं. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | प्रार्थी का नाम | पत्रावली संख्या | खसरा संख्या | हैक्टर में से | क्षैत्रफल वर्गगज/ व.मी. | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला- जालोर तहसील-सांचौर | कमालपुरा | श्री रमेश पुत्र श्री गणेशाराम जाति भील, निवासी मौखातरा, तहसील रानीवाडा, जिला जालोर (राज.) | 447/26 | 317 | 0.59 हैक्टर | 587 वर्गमीटर | आवासीय प्रयोजनार्थ |
| 2 | जिला- जालोर तहसील-सांचौर | कमालपुरा | श्री रमेश पुत्र श्री गणेशाराम जाति भील, निवासी मौखातरा, तहसील रानीवाडा, जिला जालोर (राज.) | 448/26 | 317 | 0.59 हैक्टर | 3950.89 वर्गमीटर | फार्महाउस प्रयोजनार्थ |
| 3 | जिला- जालोर तहसील-सांचौर | कमालपुरा | श्री रमेश पुत्र श्री गणेशाराम जाति भील, निवासी मौखातरा, तहसील रानीवाडा, जिला जालोर (राज.) | 449/26 | 317, 281 | 0.92 हैक्टर | 4662.11 वर्गमीटर | फार्महाउस प्रयोजनार्थ |

अतः इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू- राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1956 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनो के लिए भूमि के उपयोग हेतू अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आपेक्ष है तो वह नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर - भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उक्त सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन दिनांक 06.02.2026 को जारी की गई।

राज.संवाद/सी/25/19668

अधिशाषी अधिकारी